उत्तर प्रदेश शासन
चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1
संख्या- 6/2780/71-1-2014-जी-66/2014
लखनऊ : दिनांक 22 सितम्बर 2014

## कार्यालय-ज्ञाप

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेजों में सीधी भर्ती के विरूद्ध प्रवक्ता एनाटमी विशिष्टता में प्रवक्ता के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु लोक सेवा आयोग उ0प्र0, इलाहाबाद के पत्र संख्या-199/03/सेवा-8/2012-13, दिनॉक 24-07-2014 में की गयी संस्तुति के आधार पर श्री राज्यपाल महोदय संलग्न सूची में उल्लिखित विवरणानुसार 14 अभ्यर्थियों को वेतन बैण्ड रू0 15600-39100 ग्रेड पे रू0 5400/- में निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन अस्थायी रूप से नियुक्त/तैनात करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है-

(1) संबंधित अभ्यर्थी को प्रवक्ता के पद/वेतनमान के अनुरूप समय-समय पर प्रदत्त शासनादेशों के अन्तर्गत अनुमन्य मंहगाई भत्ता तथा अन्य भत्ते अनुमन्य होगें।

(2) संबधित अभ्यर्थी एक माह के अन्दर अपने पद पर कार्यभार ग्रहण कर ले अन्यथा यह नियुक्ति आदेश निरस्त कर दिया जायेगा और उनका अभ्यर्थन समाप्त हो जायेगा।

(3) नियुक्ति स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु संबंधित अभ्यर्थी को किसी प्रकार का कोई यात्रा भत्ता देय न होगा।

(4) संबंधित अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश सरकारी डाक्टर (एलोपैथिक) प्राइवेट प्रैक्टिस निबन्धन नियमावली, 1983 के अनुसार प्राइवेट प्रैक्टिस करने की अनुमति नहीं होगी। मेडिकल अभ्यर्थियो को प्राइवेट प्रैक्टिस के बदले उन्हें नियमानुसार निर्धारित दर से प्रैक्टिस बन्दी भत्ता देय होगा।

(5) उक्त नियुक्ति उत्तर प्रदेश राज्य चिकित्सा महाविद्यालय अध्यापकों की सेवा नियमावली, 1990 तथा यथासंशोधित नियमावली के प्राविधानों के अधीन होगी तथा उक्त नियमावली के नियम-18 के अन्तर्गत परिवीक्षा अवधि दो वर्ष की होगी।

(6) संबंधित अभ्यर्थी को यथावश्यक जनहित में प्रदेश के किसी भी राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेजों में उसी पद पर स्थानान्तरित कर तैनात किया जा सकेगा।

2- कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व अभ्यर्थी को निम्नलिखित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किये जाने आवश्यक होगें:-

(1) दो ऐसे राजपत्रित अधिकारी जो सेवा में हो और उनके निजी जीवन से पूर्ण रूप से परिचित हो, किन्तु उनके संबंधी न हो, द्वारा प्रदत्त अच्छे चरित्र का प्रमाणपत्र।
(2) अभियोजन न चलाये जाने तथा न्यायालय द्वारा दण्डित न किये जाने के संबंध में एक शपथपत्र।
(3) ओथ एलीजिएन्स का प्रमाण-पत्र।
(4) गोपनीयता का प्रमाण-पत्र।
(5) चल तथा अचल सम्पत्ति का प्रमाण-पत्र।

http://shasanadesh.up.nic.in

(6) एक से अधिक जीवित पत्नी/पति न होने का प्रमाण-पत्र।

3- अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण कराने से पूर्व संबंधित मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य द्वारा संबंधित अभ्यर्थी से इस आशय का शपथपत्र ले लिया जाएगा कि उनके चरित्र एवं प्राग्वृत्त सत्यापन के संबंध में कोई प्रतिकूल तथ्य पाए जाने पर उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी जाएगी।

संजय कुमार उपाध्याय
संयुक्त सचिव

संख्या:-6/2780(1)/71-1-2014- तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- सचिव, लोक सेवा आयोग, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि वह कृपया नियुक्ति आदेश की प्रति वेबसाइट पर अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करे।
4- निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0 इलाहाबाद को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त कार्यालय-ज्ञाप को विधायी परिशिष्ट के भाग-4, खण्ड (ख) के आगामी असाधारण अंक में प्रकाशित कराकर, इसकी 10-10 प्रतियां चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन, जनपथ भवन, लखनऊ को उपलब्ध कराने का कष्ट करे।
5- प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज, आगरा, मेरठ, जालौन, इलाहाबाद, अम्बेडकर नगर, कानपुर, कन्नौज, गोरखपुर, झाँसी।
6- कोषाधिकारी,/वरिष्ठ कोषाधिकारी, आगरा, मेरठ, जालौन, इलाहाबाद, अम्बेडकर नगर, कानपुर, कन्नौज, गोरखपुर, झाँसी।
7- वित्त नियंत्रक, मेडिकल कालेज, आगरा, मेरठ, जालौन, इलाहाबाद, अम्बेडकर नगर, कानपुर, कन्नौज, गोरखपुर, झाँसी।
8- संबंधित चिकित्सा शिक्षक।
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(शैलेन्द्र नाथ शुक्ल)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

**कार्यालय, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश।**

संख्या:एम0ई0–2/2014/2626-27 लखनऊ दिनॉक 24 सितम्बर, 2014

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, आगरा, मेरठ, जालौन, इलाहाबाद, अम्बेडकर नगर, कानपुर, कन्नौज, गोरखपुर, झॉसी।
2. सम्बन्धित चिकित्सा शिक्षक।

(के0के0गुप्ता)
महानिदेशक

कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2780/71-1-2014-जी-66/2014,
दिनॉक 22 सितम्बर, 2014 का संलग्नक

| क्र0 | अभ्यर्थी का नाम | पत्र व्यवहार का पता | राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेज का नाम, जहॉ तैनाती की गयी है |
|---|---|---|---|
| 1 | डा0 प्रदीप सिंह | ई-281, कमला नगर, आगरा, यू0पी0, पिन-282005 | राजकीय कालेज, आगरा |
| 2 | डा0 अन्तिमा गुप्ता | वाई-33, नारायन भवन, सुभारती मेडिकल कालेज, सुभारतीपुरम, एनएच-58, मेरठ, उ0प्र0 | राजकीय कालेज, मेरठ |
| 3 | डा0 आलोक कुमार सिंह | सी-66, इन्दिरा नगर, अरावली मार्ग, लखनऊ, उ0प्र0, पिन-226016 | राजकीय कालेज, जालौन |
| 4 | डा0 कृष्णा तिवारी | द्वारा श्री प्रकाश पाण्डेय, 42-अ/102, जोंधवल, तेलियरगंज, इलाहाबाद, उ0प्र0, पिन-211004 | राजकीय कालेज, इलाहाबाद |
| 5 | डा0 आशीष शर्मा | डी-11, साउथ सिटी, रायबरेली रोड, लखनऊ | राजकीय कालेज, अम्बेडकर नगर |
| 6 | डा0 निष्ठा सिंह | 32/6, स्टेनली रोड, जानकीपुरम कालोनी, इलाहाबाद, उ0प्र0, पिन-211002 | राजकीय कालेज, इलाहाबाद |
| 7 | डा0 अंशू गुप्ता | ए-21, प्रताप नगर, जयपुर हाउस, आगरा, उ0प्र0 | राजकीय कालेज, आगरा |
| 8 | डा0 अलका नागर | पुत्री श्री बाबू सिंह नागर, 12/470, गुर्जर कालोनी, दादरी गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0, पिन-203207 | राजकीय कालेज, कानपुर |
| 9 | डा0 कुलदीप कुमार | ग्राम-कनिकामऊ, पो0-शंकरपुर सराय, जिला-उन्नाव, थाना-गंगाघाट, उ0प्र0, पिन-209861 | राजकीय कालेज, कन्नौज |
| 10 | डा0 योगेन्द्र सिंह | ग्राम-सठियॉव (पूरब टोला), पो0-फाजिलनगर, जिला-कुशीनगर, उ0प्र0, पिन-274401 | राजकीय कालेज, गोरखपुर |
| 11 | डा0 अनुज मलिक | म0नं0-46, विशाल आपर्टमेन्ट, वसुन्धरा इनक्लेव, दिल्ली-96 | राजकीय कालेज, मेरठ |
| 12 | डा0 निधि गुप्ता | पुत्री डा0 अशोक कुमार गुप्ता, 127/399, डब्ल्यू ब्लाक, केशव नगर, जूही कानपुर | राजकीय कालेज, कानपुर |

http://shasanadesh.up.nic.in

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | पिन-208014 | |
| 13 | डा0 बादल सिंह | ग्राम व पोस्ट-जगतपुर, जिला-इलाहाबाद, उ0प्र0, पिन-221505 | राजकीय कालेज, इलाहाबाद |
| 14 | डा0 अरूण कुमार शर्मा | प्लाट नं0-40, मानसरोवर कालोनी, पथ नं0-3, आपोजिट आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक, कलवाड़ रोड, झोटपाड़ा, जयपुर, राजस्थान, पिन-302012 | राजकीय कालेज, झाँसी |

(शैलेन्द्र नाथ शुक्ल)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in